रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता हम सभी का दायित्व, पॉलिथीन मुक्त होगा विश्वविद्यालय– कुलपति प्रो. मिश्र

रादुविवि में आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत स्वच्छता, श्रमदान कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए प्रतिभागी

जबलपुर 19 फरवरी। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के मौके पर शनिवार प्रातः स्वच्छता, श्रमदान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता एवं केन्ट विधानसभा क्षेत्र विधायक माननीय श्री अशोक रोहाणी, जिला कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, नगर निगम आयुक्त श्री आशीष वशिष्ठ, विवि कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह, विवि वित्त नियंत्रक श्री रोहित सिंह कौशल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र, संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र सिंह, विवि एनएसएस समन्वयक प्रो. अशोक मराठे, विवि शारीरिक शिक्षण विभागाध्यक्ष डॉ. विशाल बन्ने की मौजूदगी में प्राध्यापकों और स्वयंसेवकों ने विवि परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया और इसके प्रति जागरूक भी किया।

आयोजन में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने उपस्थितजनों को पॉलिथीन मुक्त परिसर' की शपथ दिलाते हुए पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया माननीय कुलपति ने कहा कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर को पूर्ण रूप से पालीथीन मुक्त बनाना है। इस संकल्प को हम सबको अपने सहयोग से पूरा करना होगा। उन्होने कहा कि आज पर्यावरण वैश्विक चुनौती बना हुआ है। ऐसे में आवश्यक है कि हम सब मिलकर पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन करें। सबको याद रखना होगा कि प्रकृति संरक्षण हम सबका साझा दायित्व है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र, संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र सिंह एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं अतिथि विद्वानों, छात्र–छात्राओं ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सक्रिय हिस्सेदारी देने का संकल्प लिया।

विविध स्पर्धाओं का आयोजन–

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन विवि विज्ञान भवन में किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं एवं एनएसएस विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर अपनी कला का प्रदर्शन किया और 'पालीथीन मुक्त परिसर' व स्वच्छता संरक्षण को लेकर जागरूकता संदेश दिया। वहीं विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन विवि शारीरिक शिक्षण विभाग अध्यक्ष डॉ. विशाल बन्ने के नेतृत्व में हुआ। माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सेवा भाव, स्वयंसेवीवाद और स्वच्छ वातावरण के साथ–साथ जल संरक्षण के लिए गतिविधियों के निर्माण हेतु प्रोत्साहित करना रहा। इस मौके पर एनएसएस विवि समन्वयक प्रो. अशोक मराठे, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. मीनल दुबे, इंजी. महावीर त्रिपाठी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ओपन यूनिट डॉ. देवांशु गौतम सहित अन्य प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।